अमर उजाला

Kanpur: ड्रग विभाग के छापे में नामी कंपनियों की नकली दवाएं मिलीं, क्रय-विक्रय पर रोक, मेडिकल स्टोर सीज

कानपुर में ड्रग विभाग की टीम ने कौशलपुरी, आरकेनगर स्थित मेडिकल स्टोर पर छापा मारकर नामी कंपनियों की नकली दवाएं पकड़ी हैं। इसके अलावा ड्रग विभाग की टीम को पृथम दृष्टया दवाओं में सॉल्ट की जगह खड़िया की तरह का पदार्थ मिला है। दवाओं के सैंपल राजकीय विश्लेषक लैब भेज दिए गए हैं। मेडिकल स्टोर संचालक इन दवाओं की खरीद से संबंधित कोई अभिलेख ड्रग इंस्पेक्टरों की टीम को नहीं दिखा पाया।

4,79,325 रुपए कीमत की औषधियां, औषधि एवं प्रसाधन सामग्री टीम ने जब्त कर ली। मेडिकल को सीज करके दवा के क्रय-विक्रय पर रोग लगा दी गई है। नकली एवं अधोमानक औषधि की विक्रय की सूचना पर सहायक आयुक्त औषधि दिनेश कुमार तिवारी ने टीम गठित करके जांच के आदेश दिए थे। टीम में नगर की ड्रग इंस्पेक्टर रेखा सचान और ओमपाल सिंह, इटावा के ड्रग इंस्पेक्टर रजत कुमार पांडेय रहे। टीम ने थाना नजीराबाद से पुलिस बल के साथ कौशलपुरी के न्यू गगन केमिस्ट पर छापा मारा और दवाओं की जांच शुरू की।

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/kanpur/kanpur-fake-medicines-of-renowned-companies-found-in-drug-department-raid-2024-02-20